31 दिसंबर 2025
बुधवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




पुराना भोजपुर में भीषण चोरी, डेढ़ लाख नगद व 2.5 लाख के आभूषण ले उड़े चोर

3



## एक नजर

### असम- त्रिपुरा में बांग्लादेशी समूहों से जुड़े 11 कट्टरपंथी गिरफ्तार

**नई दिल्ली ।** सुरक्षा बलों ने पूर्वोत्तर भारत को दहलाने की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बांग्लादेश से संचालित एक संगठित जिहादी नेटवर्क इमाम महमूदेर काफिला (आईएमके) का भंडाफोड़ किया और असम व त्रिपुरा से नेटवर्क के 11 जिहादियों को गिरफ्तार कर लिया। ये सभी बांग्लादेश में बैठे अपने आकाओं के जरिये भारत में हिंसा फैलाने की साजिश रच रहे थे। गुवाहाटी के पुलिस कमिश्नर पार्थसारथी महंत ने मंगलवार को बताया कि एसटीएफ ने ये गिरफ्तारियां केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर की हैं। उनके पास के कई संदिग्ध सामग्री और विस्फोट सामान बरामद हुए। पुलिस कमिश्नर के मुताबिक, सोमवार रात को असम के बारपेटा, चिरांग, बक्सा और दरांग जिलों के साथ-साथ पड़ोसी त्रिपुरा में बड़े स्तर पर तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान 11 जिहादियों को दबोचा गया। गिरफ्तार किए गए संदिग्धों में 10 असम के हैं और एक जागीर मिया को त्रिपुरा से पकड़ा गया। इनका मुख्य मकसद असम सहित पूरे पूर पूर्वोत्तर को दहलाना था।

### लव अग्रवाल बने डीजीएफटी प्रमुख, एफसीआई की कमान रवींद्र को

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई अहम विभागों में शीर्ष अधिकारियों की नई नियुक्तियां की हैं। इस फेरबदल में वरिष्ठ नौकरशाह लव अग्रवाल को विदेश व्यापार महानिदेशालय का प्रमुख बनाया गया है, जबकि भारतीय खाद्य निगम की जिम्मेदारी रवींद्र कुमार अग्रवाल को सौंपी गई है। इस कदम को नीति निर्माण और प्रशासनिक कामकाज को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार, इन सभी नियुक्तियों को मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति की मंजूरी मिली है। यह फेरबदल केवल दो पदों तक सीमित नहीं है, बल्कि कुल 25 सिविल सेवकों को अलग-अलग केंद्रीय विभागों में नई जिम्मेदारियां दी गई हैं।

# वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का किया गया दमदार ट्रायल

♦ 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार में भी नहीं छलका पानी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे ने हाई-स्पीड ट्रेनों की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने ट्रायल रन के दौरान 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार पकड़कर इतिहास रच दिया। यह सफल परीक्षण सवाई माधोपुर-कोटा-नागदा सेक्शन पर किया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रेल मंत्री इसे न्यू जनरेशन ट्रेन बताते हुए भारतीय रेलवे के लिए बड़ा कदम बताया है। मंगलवार शाम रेल मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि रेल सुरक्षा आयुक्त की निगरानी में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का परीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि कोटाझनागदा खंड पर 180 किमी प्रति घंटे की गति से दौड़ती यह ट्रेन भारत में विकसित नई पीढ़ी की रेल तकनीक की ताकत को दर्शाती है। इस ट्रायल ने न सिर्फ ट्रेन की गति क्षमता को साबित किया, बल्कि इसके आधुनिक डिजाइन और सुरक्षा मानकों पर भी मुहर लगा दी है। रेल मंत्री द्वारा शेयर किए गए वीडियो में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की तकनीकी मजबूती साफ नजर आती है। ट्रायल रन के दौरान जब ट्रेन 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पटरियों पर दौड़ रही थी, उसी समय केबिन में मौजूद एक कर्मचारी वीडियो रिकॉर्ड करता दिखाई देता है। वीडियो में ट्रेन के केबिन के अंदर स्पीडोमीटर के ठीक सामने चार गिलास पानी से भरे रखे हुए नजर आते हैं। इसमे सबसे अहम बात यह है कि इतनी तेज रफ्तार के बावजूद किसी भी गिलास से पानी की एक भी बूंद नहीं छलकी। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि स्पीडोमीटर 180 किमी प्रति घंटे की स्पीड दिखा रहा है, फिर भी ट्रेन पूरी तरह स्थिर और संतुलित नजर आती है। यह दृश्य वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की उन्नत तकनीक, बेहतर सस्पेंशन सिस्टम और स्मूद रनिंग क्षमता को दर्शाता है, जिसे यात्रियों के लिए अधिक सुरक्षित और आरामदायक बनाया गया है इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि ट्रेन के केबिन में लगे स्पीडोमीटर की रेंज 0 से 200 किलोमीटर प्रति घंटे तक है। रिकॉर्डिंग के दौरान स्पीड का कांटा सीधे 180 किमी प्रति घंटे पर टिके हुए नजर आता है। खास बात यह है कि इतनी तेज रफ्तार पर भी ट्रेन के भीतर रखे पानी से भरे तीनों गिलास बिल्कुल स्थिर बने रहते हैं और उनमें किसी तरह की हलचल नहीं दिखती। करीब 24 सेकंड का यह वीडियो क्लिप रेल मंत्री ने भी शेयर किया है।

### सभी मानकों पर खरी उतरी ट्रेन

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन का कहना है कि यह ट्रायल वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के भविष्य के संचालन की दिशा में एक बड़ी तकनीकी सफलता है। इस परीक्षण ने ट्रेन की क्षमता और विश्वसनीयता को साबित किया है। यह उपलब्धि भारतीय रेलवे की स्वदेशी तकनीक, आधुनिक इंजीनियरिंग और आत्मनिर्भर भारत की सोच को मजबूती से सामने रखती है।

# नौसेना को मिलेगा पनडुब्बी मारने वाला आधुनिक हथियार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय सेना और नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए 4,666 करोड़ रुपए के रक्षा समझौते किए। इनके तहत सेना को 4.25 लाख से ज्यादा नई बैटल कार्बाइन राइफल मिलेंगी। इसके साथ ही नौसेना के लिए पनडुब्बी मारने वाले 48 आधुनिक हैवीवेट टॉरपीडो भी खरीदे जाएंगे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 2,770 करोड़ रुपए के क्लोज क्वार्टर बैटल कार्बाइन राइफल और उनसे जुड़े उपकरण खरीदे जाएंगे। इसके लिए भारत फोर्ज लिमिटेड और पीएलआर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ करार किया गया है। इसके अलावा 1,896 करोड़ रुपए के दूसरे समझौते में नौसेना की कलवरी क्लास पनडुब्बियों के लिए 48 हैवीवेट टॉरपीडो खरीदे जाएंगे। इसके लिए इटली की कंपनी हअरर सबमरीन सिस्टम्स रफ्छ से डील हुई है। इन टॉरपीडो की डिलीवरी अप्रैल 2028 से शुरू होकर 2030 की शुरूआत तक पूरी होगी। मंत्रालय ने कहा कि यह फैसला आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत लिया गया है, ताकि स्वदेशी और आधुनिक तकनीक से सैनिकों की ताकत को बढ़ाए जा सके। ये लगातार दूसरे दिन रक्षा सौदा किया गया है। इससे पहले सोमवार को 79,000 करोड़ रुपए के रक्षा सौदे को मंजूरी मिली थी।

## बीएसएफ को जमीन मुहैया कराने के लिए सीएम को भेजा गया था सात पत्र

# ममता बनर्जी सरकार ने बीएसएफ को नहीं दी जमीन : गृहमंत्री शाह



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को बांग्लादेश में अशांति और घुसपैठ की बढ़ती चिंताओं बढ़ती जा रही है। इसी बीच बीएसएफ को कंटीली बाड़ लगाने के लिए पर्याप्त जमीन न देने का आरोप पश्चिम बंगाल सरकार पर लगाया। शाह ने कहा कि बांग्लादेश से लगने वाली अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ रोकने के लिए उन्होंने बीएसएफ को जमीन मुहैया कराने के लिए सीएम ममता बनर्जी को सात पत्र भेजे। लेकिन, उन्होंने सबको नजरअंदाज कर दिया। कोलकाता में मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि मैंने बीएसएफ को जमीन देने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री को सात चिट्ठियां भेजी हैं। इस खास मुद्दे पर पश्चिम बंगाल में तीन सेक्रेटरी-लेवल की मीटिंग्स हुई हैं। इसके बाद भी पश्चिम बंगाल सरकार कंटीली बाड़ लगाने के लिए जमीन देने में आनाकानी क्यों कर रही है। उन्होंने कहा कि अब बीएसएफ पर अवैध घुसपैठ रोकने में नाकाम रहने का आरोप लग रहा है। मेरा सवाल यह है कि सही कंटीली बाड़ के बिना बीएसएफ सीमाओं पर असरदार सीमा सुरक्षा कैसे कर पाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मैं भरोसा दिलाना चाहता हूं कि बीजेपी किसी भी हालत में उस राजनीतिक पार्टी के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। जो अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देती है और अपने पक्के वोट बैंक को बचाने के लिए घुसपैठियों को पालती-पोसती है। घुसपैठ एक बहुत गंभीर मुद्दा है, क्योंकि इस खतरे की वजह से राज्य की डेमोग्राफी बदल रही है। जब तक घुसपैठ को रोका नहीं जाता तो आने वाले दिनों में पश्चिम बंगाल के लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ जाएंगी। उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार पर चीफ सेक्रेटरी और डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस जैसे सीनियर ब्यूरोक्रेट्स और पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति करते समय भी सेंट्रल सर्विस अधिकारियों की कैडर कंट्रोलिंग अथॉरिटी, डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनेल एंड ट्रेनिंग के नियमों को कमजोर करने का आरोप लगाया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मतुआ समुदाय को आश्वासन दिया है कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों के वोटिंग अधिकार सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा, श्मतुआ समुदाय के लोगों को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। भारत आए हर शरणार्थी को नागरिक माना जाएगा। यह बीजेपी का वादा है। कोई भी उन्हें नुकसान नहीं पहुंचा सकता। ममता बनर्जी भी नहीं। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों के खिलाफ अभियान के साथ-साथ शरणार्थियों की सुरक्षा जारी रहेगी।

### बंगाल की विरासत को फिर से जिंदा करेंगे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बीजेपी पश्चिम बंगाल के नागरिकों को यह भरोसा दिलाना और वादा करना चाहती है कि जैसे ही राज्य में बीजेपी सरकार बनेगी। हम बंगाल की विरासत को फिर से जिंदा करेंगे और राज्य में विकास की गंगा बहेगी। हम गरीबों के कल्याण को भी प्राथमिकता देंगे। हम एक नेशनल ग्रिड बनाएंगे जो घुसपैठ को रोकेगा।

# रक्षा मंत्रालय ने 4,666 करोड़ रुपये सैन्य सौदों पर लगाई मुहर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को क्लोज क्वार्टर बैटल (सीक्यूबी) कार्बाइन और हैवी वेट टॉरपीडो की खरीद के लिए कुल 4,666 करोड़ रुपये की लागत के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए। मंत्रालय ने बताया कि भारत फोर्ज लिमिटेड और पीएलआर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ 2,770 करोड़ रुपये की युद्धक कार्बाइन और सहायक उपकरणों के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए।भारतीय सेना और नौसेना के लिए 4.25 लाख से अधिक क्लोज क्वार्टर बैटल कार्बाइन और उससे जुड़े उपकरण खरीदे जाएंगे। इसके लिए करीब 2,770 करोड़ रुपये का अनुबंध भारत फोर्ज लिमिटेड और पीएलआर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया गया है। यह कार्बाइन पुराने हथियारों की जगह लेगी और सैनिकों को नजदीकी मुकाबले में ज्यादा सटीक और तेज मारक क्षमता देगी। हल्की और कॉम्पैक्ट होने के कारण यह सीमित जगहों में भी प्रभावी साबित होगी। भारतीय नौसेना की कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों के लिए 48 भारी वजन वाले टॉरपीडो खरीदने का भी फैसला लिया गया है। इसके लिए इटली की कंपनी डब्ल्यूएएसएस सबमरीन सिस्टम्स के साथ करीब 1,896 करोड़ रुपये का अनुबंध किया गया है। इन टॉरपीडो की आपूर्ति अप्रैल 2028 से शुरू होगी और 2030 की शुरूआत तक पूरी हो जाएगी। इससे नौसेना की छह पनडुब्बियों की युद्ध क्षमता और मजबूत होगी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक के पूंजीगत अनुबंध किए जा चुके हैं। यह कदम सेना और नौसेना को आधुनिक, मजबूत और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में बड़ा प्रयास माना जा रहा है।

## अमेरिकी थिंक टैंक का दावा, 2026 में भारत-पाक युद्ध संभव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका के बड़े थिंक टैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस ने चेतावनी दी है कि 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच फिर युद्ध हो सकता है। सीएफआर की रिपोर्ट कॉन्फ्लिक्ट्स टू वॉच इन 2026 के अनुसार, कश्मीर में आतंकी गतिविधियां बढ़ने से दोनों देशों के बीच टकराव की संभावना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष होता है, तो उसका असर अमेरिका के हितों पर भी पड़ सकता है। हालांकि जम्मू-कश्मीर में अभी कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं हुआ है, लेकिन खुफिया एजेंसियों के अनुसार इस सर्दी में जम्मू क्षेत्र में 30 से ज्यादा पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय हैं। इधर भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्ष विराम के बाद दोनों देशों ने हथियारों की खरीद तेज कर दी है। भारत में रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) ने हाल ही में 79 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है, जिसमें ड्रोन, एयर-टू-एयर मिसाइल और गाइडेड बम शामिल हैं। उधर पाकिस्तान ने भी तुर्किये और चीन से नए ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने के लिए बातचीत शुरू की है, ताकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सामने आई कमजोरियों को दूर किया जा सके।रिपोर्ट में एक और बड़े खतरे की ओर इशारा किया गया है। उत्क्र्र के मुताबिक, 2026 में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भी सशस्त्र संघर्ष की संभावना है।







# छत के रास्ते शोरूम में घुसे चोर, नकदी व बाइक पार्ट्स पर किया हाथ साफ



**केटी न्यूज/नावानगर**

बासुदेवा थाना क्षेत्र के केसठ मोड़ स्थित स्थानीय बाजार में सोमवार की रात टीवीएस शोरूम में हुई लाखों रुपये की चोरी की घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। इस वारदात ने न सिर्फ शोरूम मालिक को भारी आर्थिक क्षति पहुंचाई है, बल्कि बाजार की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की सक्रियता पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस चोरी की घटना से व्यवसायियों में आक्रोश के साथ-साथ भय का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने सुनियोजित तरीके से टीवीएस शोरूम को अपना निशाना बनाया। चोर शोरूम के पीछे से छत के सहारे ऊपर चढ़े और सीढ़ी घर में लगे लोहे के दरवाजे की कुंडी को आरी से काटकर भीतर प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने कैश काउंटर, वर्कशॉप और अलमीरा को खंगालते हुए करीब साढ़े पांच लाख रुपये नकद के अलावा लाखों रुपये के कीमती बाइक पार्ट्स पर हाथ साफ कर दिया। चोर इतने शातिर थे कि जाते-जाते सीसीटीवी कैमरे का हार्ड डिस्क भी अपने साथ ले गए, ताकि उनकी पहचान उजागर न हो सके।मंगलवार की सुबह इस चोरी की जानकारी तब सामने आई, जब शोरूम में सफाई करने वाला कर्मी पहुंचा। अंदर का नजारा देख वह घबरा गया और तत्काल शोरूम मालिक को सूचना दी। मौके पर पहुंचे संचालक आलोक कुमार ने बताया कि दो दिनों से बैंक बंद रहने के कारण शोरूम में नकदी रखी हुई थी। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि चोरी में केवल नकदी ही नहीं, बल्कि जरूरी दस्तावेज और वर्कशॉप के महंगे पार्ट्स भी ले जाए गए हैं, जिससे शोरूम के संचालन पर भी असर पड़ेगा। इस घटना के बाद बाजार के अन्य दुकानदारों में भी दहशत फैल गई है। स्थानीय व्यवसायियों का कहना है कि केसठ मोड़ बाजार में अक्सर चोरी की घटनाएं होती रही हैं, लेकिन अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं हो सका है। रात में पुलिस गश्ती लगभग न के बराबर रहती है, जिसका फायदा चोर बेखौफ होकर उठा रहे हैं। दुकानदारों का आरोप है कि कई बार पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की गई, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं की गई। व्यवसायियों का कहना है कि यदि जल्द ही चोरी पर लगाम नहीं लगी, तो बाजार में कारोबार करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्ती बढ़ाने, संदिग्ध लोगों पर नजर रखने और पूर्व की चोरी की घटनाओं का शीघ्र उद्भेदन करने की मांग की है। इधर, शोरूम संचालक द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ बासुदेवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और आसपास के क्षेत्रों में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की बात कही है।

### कुछ महीने बाद ही परिवार में होनी थी शादी, चोरों ने अरमान पर फेरा पानी, जांच में जुटी पुलिस

# पुराना भोजपुर में भीषण चोरी, डेढ़ लाख नगद व 2.5 लाख के आभूषण ले उड़े चोर



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर गांव में चोरों ने दो घरों में चोरी की भीषण घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने दोनों घरों को मिलाकर 1.5 लाख रूपए नगद तथा 2.5 लाख रूपए के आभूषण चुरा लिए है। यह वारदात सोमवार रात की है। पुराना भोजपुर उतर टोला में हुई इस घटना ने न केवल पीड़ित परिवारों को झकझोर दिया, बल्कि पूरे गांव में सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह तब सामने आई, जब पीड़ित अरुण रजक और सोनू रजक पिता स्व. शोभनाथ रजक के परिवार के सदस्य नींद से जागे। घर के कमरे में सामान बिखरा पड़ा था, अलमारी और बक्से टूटे हुए थे। यह दृश्य देखते ही परिजनों के होश उड़ गए और उन्होंने शोर मचाया। देखते ही देखते आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए।

#### छत से दाखिल, बक्सा उठा ले गए चोर

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चोरों ने बगल के मकान की छत का इस्तेमाल कर सुनियोजित तरीके से घर में प्रवेश किया। कमरे में रखा भारी बक्सा उठाकर वे पहले छत और फिर सीढ़ियों तक ले गए। वहां बक्से को तोड़कर उसमें रखे करीब डेढ़ लाख रुपये नकद और लगभग ढाई लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। वारदात इतनी सफाई से की गई कि घर में सो रहे लोगों को भनक तक नहीं लगी।

#### शादी की तैयारी पर पानी फिरा

इस चोरी ने अरुण रजक के परिवार को खास तौर पर गहरा सदमा पहुंचाया है। बताया जा रहा है कि अप्रैल महीने में अरुण रजक की शादी होनी थी। शादी की तैयारियों को लेकर परिवार ने धीरे-धीरे नकदी और जेवरात जुटाए थे। चोरों द्वारा इन्हीं सामानों पर हाथ साफ किए जाने से परिवार की वर्षों की मेहनत एक ही रात में लुट गई। परिजनों का कहना है कि यह केवल आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि उनकी खुशियों पर सीधा हमला है।

#### गांव में दहशत, लोग बोलेकृअब कौन सुरक्षित

घटना के बाद से पूरे पुराना भोजपुर गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी क्षेत्र में छोटी-मोटी चोरियां होती रही हैं, लेकिन इस तरह की सुनियोजित और बड़ी वारदात ने लोगों की नींद उड़ा दी है। ग्रामीण रात में पहरा देने और आपसी निगरानी बढ़ाने की बात कर रहे हैं।

#### पुलिस जांच में जुटी, जल्द खुलासे का दावा

घटना की सूचना मिलते ही नया भोजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, संभावित रास्तों और संदिग्ध गतिविधियों की जांच की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही चोरों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### सवालों के घेरे में सुरक्षा व्यवस्था

इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण इलाकों में रात्रि सुरक्षा, पुलिस गश्ती और सामुदायिक सतर्कता की जरूरत को रेखांकित किया है। ग्रामीणों की मांग है कि क्षेत्र में नियमित गश्ती बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके।

## एक नजर

### चक्की प्रखंड के विकास पर सख्त तेवर, विधायक की मौजूदगी में योजनाओं की गहन समीक्षा

**लापरवाही पर अधिकारियों को मिली चेतावनी**

**चक्की।** चक्की प्रखंड के ई-किसान भवन में आयोजित पंचायत समिति की समीक्षा बैठक इस बार केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह बैठक विकास कार्यों की जमीनी हकीकत सामने लाने का मंच बन गई। बैठक में ब्रह्मपुर विधायक शंभूनाथ यादव की मौजूदगी ने प्रशासनिक अमले को पूरी तरह सतर्क कर दिया। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब योजनाएं फाइलों में नहीं, बल्कि जमीन पर दिखनी चाहिए।

बैठक में चक्की बीडीओ लालबाबू पासवान, अंचलाधिकारी संगीता कुमारी, प्रखंड प्रमुख कमलेश रजक सहित पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे। पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओंकृजैसे आवास, नल-जल, सड़क, पेंशन और रोजगार योजनाओंकृकी बिंदुवार समीक्षा की गई। इस दौरान कई पंचायतों में योजनाओं के अधूरे क्रियान्वयन और लाभार्थियों को समय पर लाभ न मिलने की बातें सामने आईं।

विधायक शंभूनाथ यादव ने अधिकारियों से जवाबदेही तय करने पर जोर देते हुए कहा कि जनता के हित से जुड़े कार्यों में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने साफ किया कि चक्की प्रखंड में लंबे समय से लंबित घेराबंदी कार्य को जल्द पूरा कराया जाएगा, जिससे आम लोगों को राहत मिलेगी और प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी।

बैठक में पंचायत समिति सदस्यों ने सड़क, जलजमाव, अतिक्रमण, राशन वितरण और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं उठाईं। सदस्यों ने आरोप लगाया कि कई योजनाओं में पारदर्शिता की कमी है और ग्रामीणों को बार-बार कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ता है। इस पर विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए और जनता को अनावश्यक परेशान न किया जाए।

अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश देते हुए विधायक ने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर तालमेल से ही प्रखंड का समग्र विकास संभव है। बैठक का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि अब चक्की प्रखंड में विकास कार्यों की नियमित निगरानी होगी और परिणाम दिखाई देने चाहिए।

### कोरानसराय मंडल में अटल जयंती पर भव्य सम्मान समारोह, भाजपा पदाधिकारियों का किया गया अभिनंदन

**डुमरांव।** राजपुर विधानसभा के कोरानसराय मंडल अंतर्गत एक निजी हॉल में भारत रत्न, देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजपुर विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष सहित विधानसभा क्षेत्र में निवास करने वाले प्रदेश एवं जिला स्तरीय भाजपा पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोरानसराय मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र पांडेय ने की, जबकि संचालन भाजपा नेता संतोष दूबे ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में सदर विधायक आनंद मिश्र उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विधायक आनंद मिश्र ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और विचारों की दृढ़ता का प्रतीक रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अटल जी के आदर्शों को आत्मसात कर संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन, जिला महामंत्री धनंजय त्रिगुण, जिला उपाध्यक्ष निर्भय राय, सुखेदव राय सहित विन्ध्याचल सिंह, आशानंद सिंह, अरविंद पासवान, रामनारायण शर्मा, राजकुमार कुंवर, गणेश वर्मा, सुमित शर्मा, शंकर प्रसाद केशरी, प्रदीप ओझा, ठाकुर प्रताप सिंह, रजनीकांत गुप्ता, लखन मलहोत्रा, अरविंद सिंह उर्फ बिल्लू, गुलाबचंद्र केशरी, अनुज राज, अतुल दूबे, छोटू सिंह, नंदलाल राम, शंकर साह, चंदन ओझा, कमलेश मिश्र सहित कई वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और अंत में राष्ट्रहित एवं संगठन की मजबूती के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## आर्यन बाबू को अयोध्या में मिला बेस्ट चाइल्ड एक्टर अवार्ड



**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के दसियांव गांव निवासी आर्यन बाबू को बेस्ट चाइल्ड एक्टर का अवार्ड अयोध्या महोत्सव में दिया गया। जिसमें भोजपुरी के जाने-माने सैकड़ों कलाकारों को अलग-अलग क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में बेस्ट चाइल्ड एक्टर का अवार्ड आर्यन बाबू को मुख्य अतिथि इम्पा अध्यक्ष अभय सिन्हा ने सम्मानित किया। इस दौरान भोजपुरी जगत के जाने-माने निमार्ता निशांत उज्जवल,निर्देशक प्रेमांशु सिंह,बबलु पंडित, हरीश कुमार, अरबिंद अकेला कल्लू समेत अन्य कलाकार मौजुद थे। इसको लेकर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है।बेस्ट चाइल्ड एक्टर का अवार्ड पाकर आर्यन बाबू ने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता, गुरुजनों समेत इंडस्ट्री के अन्य कलाकार, एक्टर , डायरेक्टर व प्रोड्यूसर को दिया है। आर्यन ने कहा कि हमेशा इससे बेहतर कार्य करने के लिए प्रयास करता रहूंगा। वही फिल्म इंडस्ट्रीज के जाने-माने कलाकार, डायरेक्टर, एक्टर प्रोड्यूसर समेत गांव लोगों ने आर्यन बाबू को बधाई दिया है। बधाई देने वालों में निशा उपाध्याय, संजय उपाध्याय, सौरभ पाठक, नेहा पाठक ,मोनू तिवारी ,राजू दुबे समेत अन्य लोग शामिल हैं।

## ईंटों की ओट में शराब तस्करी का भंडाफोड़

- **यूपी, बिहार सीमा पर 1740 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त, चेकपोस्ट की भूमिका पर सवाल**
- **नववर्ष से पहले तस्करों की बड़ी साजिश नाकाम, एक सिपाही की सतर्कता से खुला खेल, उत्पाद चेकपोस्ट से निकलने पर उठे गंभीर प्रश्न**




**केटी न्यूज/बक्सर**

नववर्ष के जश्न को अवैध शराब के सहारे भुनाने की तस्करों की बड़ी साजिश को मुफस्सिल थाना पुलिस ने ऐन वक्त पर नाकाम कर दिया। यूपीझबिहार सीमा पर ईंट लदे ट्रैक्टर की आड़ में छुपाकर लाई जा रही 1740.84 लीटर अंग्रेजी शराब की खेप पकड़े जाने से न सिर्फ शराब माफिया के नेटवर्क का पदार्फाश हुआ है, बल्कि उत्पाद विभाग के चेकपोस्ट की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में आ गई है।

यह पूरी कार्रवाई किसी गुप्त सूचना से नहीं, बल्कि एक सिपाही की सतर्क नजर से शुरू हुई। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश से एक ट्रैक्टर पर ईंट लादकर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बिहार लाई जा रही थी। तस्करों ने इतनी चतुराई से शराब की पेटियों को ईंटों के नीचे छुपाया था कि पहली नजर में यह सामान्य निर्माण सामग्री ढोने वाला वाहन प्रतीत हो रहा था। हैरानी की बात यह है कि यह ट्रैक्टर यूपीझ बिहार सीमा स्थित उत्पाद विभाग के चेकपोस्ट से जांच के बाद आगे बढ़ चुका था।

मुफस्सिल थाना क्षेत्र में प्रवेश करते ही एक तैनात सिपाही को ट्रैक्टर की बनावट और लोडिंग पर संदेह हुआ। संदेह के आधार पर जब वाहन को रोका गया और गहन तलाशी ली गई, तो ईंटें हटाते ही नीचे शराब की पेटियों का जखीरा सामने आ गया। मौके से ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अन्य तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

गिरफ्तार तस्कर की पहचान औद्योगिक थाना क्षेत्र के छोटकी बसौली निवासी नन्दलेश कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष शम्भू भगत ने बताया कि जब्त शराब में 180 एमएल की 8 पीएम, ट्रिपल एक्स रम, डार्क रम, 375 एमएल रॉयल स्टेज और 750 एमएल की बोकडी समेत कई नामी ब्रांड शामिल हैं। कुल मिलाकर 1740.84 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। ट्रैक्टर और शराब दोनों को सीज कर दिया गया है।

इस कार्रवाई ने उत्पाद विभाग के चेकपोस्ट पर हुई जांच की गंभीरता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी खेप आखिर किस तरह चेकपोस्ट से पार हो गई। क्या यह महज लापरवाही है या इसके पीछे किसी अंदरूनी मिलीभगत का खेल है–इस एंगल से भी जांच शुरू कर दी गई है।

नववर्ष से ठीक पहले हुई इस बड़ी बरामदगी से शराब माफिया के मंसूबों पर पानी फिर गया है। पुलिस का कहना है कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है और जिले में शराब तस्करी के खिलाफ अभियान और तेज किए जाने के संकेत मिल रहे हैं।

# रोमांचक टाइब्रेकर में गाजीपुर ने बक्सर को 4–2 से हराया, शेरशाह सूरी शील्ड पर किया कब्जा

- **चौसा में खेले गए फाइनल में आखिरी क्षणों तक कांटे की टक्कर, दर्शकों की धड़कनें बढ़ाती रही चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता**



**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा खेल मैदान पर मंगलवार को फुटबॉल प्रेमियों को रोमांच से भर देने वाला मुकाबला देखने को मिला, जब शेरशाह सूरी जनकल्याण संस्थान के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय शेरशाह सूरी फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। खिताबी मुकाबले में गाजीपुर और बक्सर की टीमों ने ऐसा जुझारू प्रदर्शन किया कि मैदान पर मौजूद हजारों दर्शक आखिरी सीटी तक सांसें थामे रहे। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा, जिसके बाद टाइब्रेकर में गाजीपुर ने बक्सर को 4-2 से पराजित कर शेरशाह सूरी शील्ड पर कब्जा जमा लिया। मैच की शुरूआत से ही बक्सर की टीम आक्रामक रणनीति के साथ मैदान में उतरी। पहले हाफ में बक्सर के खिलाड़ियों ने बेहतरीन पासिंग और तालमेल का प्रदर्शन करते हुए गाजीपुर के गोल पोस्ट में शानदार गोल दाग दिया। इस गोल से बक्सर समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। हालांकि, बढ़त मिलने के बाद भी बक्सर की टीम ने दबाव बनाए रखा और लगातार आक्रमण करती रही। दूसरी ओर, गाजीपुर की टीम ने धैर्य नहीं खोया। दूसरे हाफ में उसने खेल की रफ्तार तेज की और आक्रमण को धार दी। गाजीपुर के खिलाड़ियों ने कई मौके बनाए और अंततः मैच के अंतिम क्षणों में बराबरी का गोल दागकर मुकाबले को 1-1 पर ला खड़ा किया। इस गोल के साथ ही मैदान तालियों और नारों से गूंज उठा। निर्धारित समय तक स्कोर बराबर रहने के कारण मैच का फैसला टाइब्रेकर से हुआ। टाइब्रेकर में गाजीपुर के खिलाड़ियों ने जबरदस्त संयम और सटीकता दिखाई, जबकि बक्सर के दो प्रयास विफल रहे। गाजीपुर ने 4-2 से टाइब्रेकर जीतकर विजेता का ताज अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले का शुभारंभ डॉ. मनोज कुमार यादव की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि मास्टर सैयद कमाल, समाजसेवी फैजुल्ला अंसारी, डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. रामबचन यादव और थानाध्यक्ष शम्भू भगत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मैच की शुरूआत कराई। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना, अनुशासन और भाईचारे के साथ खेलने का संदेश दिया। अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास का सशक्त माध्यम है तथा इस तरह के आयोजन क्षेत्र में खेल संस्कृति को मजबूत करते हैं। मैच का सफल संचालन रेफरी पप्पू कुमार सिंह ने किया। आयोजन को सफल बनाने में प्रो. रमेशचंद श्रीवास्तव, इंजीनियर नितेश उपाध्याय, अधिवक्ता रामलखन पाल, डॉ. सुनील सिंह यादव, रामशीष सिंह, पंकज सिंह, रामजीत गोंड़ सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों और कार्यकर्ताओं की सराहनीय भूमिका रही।

Mob: 9122226720
कुमार आर्योपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, छेलवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरूण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरूवार

# सिमरी प्रखंड में ठंड से बचाव को लेकर कंबल वितरण

**20 पंचायतों के जरूरतमंदों को मिली राहत**

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सभागार भवन में मंगलवार को बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर राहत कार्य किया गया। प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी के नेतृत्व में एवं प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि विजय शंकर दुबे की संयुक्त उपस्थिति में 20 पंचायतों के तीन-तीन असहाय, जरूरतमंद एवं दिव्यांग महिला-पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुल मिलाकर बड़ी संख्या में गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया।

कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब, असहाय एवं दिव्यांग व्यक्तियों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रशासन का दायित्व है कि ऐसे लोगों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बताया कि सभी पंचायतों से चिन्हित किए गए जरूरतमंद लोगों को कंबल उपलब्ध कराया गया है और आगे भी आवश्यकता के अनुसार राहत कार्य जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि अत्यधिक ठंड में सावधानी बरतें, गर्म कपड़ों का उपयोग करें और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि विजय शंकर दुबे ने अपने बयान में कहा कि सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचे। कंबल वितरण जैसे कार्यक्रम गरीबों के लिए बड़ी राहत साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर पर लगातार प्रयास किया जा रहा है कि ठंड से कोई भी जरूरतमंद प्रभावित न हो। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयास से सिमरी प्रखंड में राहत कार्य को और प्रभावी बनाया जाएगा।



# धान अधिप्राप्ति पर जिलाधिकारी सख्त, पैक्स अध्यक्षों को फटकार

**समन्वय समिति की बैठक में लैंड बैंक, प्रमाण पत्र और विभागीय प्रगति की हुई कड़ी समीक्षा**

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी तथा जिले के सभी पैक्स अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा धान अधिप्राप्ति, भूमि बैंक की तैयारी, प्रमाण पत्रों के निष्पादन और विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा रहा।

**धान अधिप्राप्ति की स्थिति पर तीखी नाराजगी**

बैठक में जिले में धान अधिप्राप्ति की समीक्षा के दौरान स्थिति अत्यंत असंतोषजनक पाई गई। लगभग सभी प्रखंडों में धान खरीद का प्रतिशत अपेक्षा से काफी कम रहा। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए सभी पैक्स अध्यक्षों को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि धान अधिप्राप्ति में तत्काल तेजी लाई जाए और किसानों से धान खरीद को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

उन्होंने कहा कि किसानों को अनावश्यक परेशान न किया जाए और सरकारी दर पर धान खरीद सुनिश्चित की जाए, ताकि बिचौलियों पर निर्भरता खत्म हो सके।

**दैनिक निगरानी के निर्देश**

जिलाधिकारी ने जिला सहकारिता पदाधिकारी (डीसीओ) को सख्त निर्देश दिया कि वे प्रतिदिन प्रखंडवार धान खरीद की प्रगति की समीक्षा करें। साथ ही हर दिन की विस्तृत रिपोर्ट अनिवार्य रूप से जिला पदाधिकारी को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि धान अधिप्राप्ति में लापरवाही बरतने वाले पैक्स और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**लैंड बैंक की तैयारी में तेजी लाने का आदेश**

बैठक में भूमि बैंक (लैंड बैंक) की स्थिति की भी गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले के सभी अंचलों में भूमि बैंक की समुचित और अद्यतन तैयारी सुनिश्चित की जाए। इसके लिए डीसीएलआर और सभी अंचल अधिकारियों को आवश्यक भूमि विवरण संकलित कर व्यवस्थित तरीके से लैंड बैंक तैयार करने का आदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक एवं विकासात्मक परियोजनाओं के लिए भूमि बैंक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं होगी।



### प्रमाण पत्रों के लंबित मामलों पर सख्ती

बैठक में अनुसूचित जाति/जनजाति (एससी/एसटी) जाति प्रमाण पत्र से जुड़े लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रमाण पत्रों में देरी से आम लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता, जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### वेटलैंड व प्रगति रिपोर्ट नियमित देने का निर्देश

सभी अंचलों को नियमित रूप से विभागीय प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने तथा वेटलैंड से संबंधित अद्यतन विवरण समय पर सौंपने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आंकड़ों की कमी या देरी से योजनाओं की समीक्षा प्रभावित होती है।

### आपसी समन्वय और जवाबदेही पर जोर

बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने का स्पष्ट निर्देश दिया। उन्होंने दो टूक कहा कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाएगी और कार्य में ढिलाई बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी का सख्त तेवर साफ संकेत दे रहा था कि अब जिले में योजनाओं की रफ्तार बढ़ेगी और लापरवाही पर शिकंजा और कसेगा।

# नगर परिषद नाली पानी के बहाव को लेकर दो स्थानों पर बनाएगा कन्वर्ट सिस्टम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर परिषद रोड पर हो रहे जलजमाव को रोकने को लेकर नालों का सफाई अभियान शुरू कर दिया है। नया थाना से महरौरा मोड़ तक नाली बना हुआ है, लेकिन पानी का बहाव अवरूद्ध होने के कारण पानी रोड पर बहता है जिससे लोगों और वाहनों के आने-जाने में परेशानी होती है। रोड पर पानी के बराबर बहते रहने के कारण गड्ढे उभर आए हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो गया है। इस जर्जर रोड को बनाने से पहले नाले की सफाई शुरू की गई है, इसके बाद रोड को बनाने को लेकर टेंडर निकाला जाएगा। इसकी जानकारी नप ईओ राहुलधर दूबे ने जानकारी दी है। हालांकि इनका यह भी कहना है कि रोड एनएच-120 का है, लेकिन शहर से गुजर रहे रोड को लेकर बदनाम नप होता है। रोड तो नही मगर नाली का जीर्णोद्धार कर नया बनाने के लिये टेंडर निकाला जाएगा। सफाई कार्यक्रम नया थाना से पश्चिमी गुमटी तक सोमवार से शुरू कर दिया गया है। इस दौरान दो स्थानों महरौरा मोड़ व विष्णू मंदिर के पास पानी बहाव के लिये कन्वर्ट सिस्टेम को बनाया जाएगा। कंवर्ट सिस्टेम जहां बनेगा वहां नालों का संपर्क हो जाएगा और पानी बहकर पश्चिमी गुमटी के पास बने पुल से निकल पुराना भोजपुर में जाकर गिरेगा। इसके बनने से शहर में जलजमाव की समस्या समाप्त तो हो ही जाएगी, शहर के सारी नालियों का जुड़ाव भी हो जाएगा। मालूम हो कि महरौरा मोड़ से स्टेशन रोड के दोनों तरफ नाली नहीं बना है, जिससे पानी का बहाव रोड पर होते रहता है। इतना ही नहीं कृषि विभाग की नर्सरी भी पूरी तरह से पानी में कई सालों से डूबा हुआ है,जिससे उसमें लगे शीशम, आम, अमरूद, कटहल सहित अन्य दर्जनों कीमती पेड़ सूख गए हैं। नाली और रोड बनाने के लिये टेंडर निकाल चार महीने के भीतर कार्य को पूरा करा लेने का अश्वासन नगरवासियों को विधायक व नप दे रहे हैं।

# वैश्य समाज के सम्मान समारोह में शक्ति प्रदर्शन, जनसमस्याओं पर विधायक ने दिया भरोसा

**गोयल धर्मशाला में जुटे 500 से अधिक लोग, खासमहल जमीन और जाम के समाधान का आश्वासन**

**केटी न्यूज/बक्सर**

शहर की सामाजिक-राजनीतिक गतिविधियों के बीच सोमवार की देर शाम गोयल धर्मशाला वैश्य समाज की एकजुटता और सम्मान के साक्षी के रूप में उभरी। अवसर था वैश्य समाज द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह का, जिसमें बक्सर विधायक आनंद मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में 500 से अधिक वैश्य समाज के महिला-पुरुषों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को प्रभावशाली बना दिया। विधायक आनंद मिश्रा के पहुंचते ही माहौल उत्साह और अपनत्व से भर गया। उन्होंने पारंपरिक औपचारिकता से हटकर सीधे वैश्य भाइयों के बीच जाकर अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया। यह दृश्य उपस्थित लोगों के लिए भावनात्मक क्षण बन गया। पूरा पंडाल जयकारों और तालियों से गूंज उठा, जिससे समारोह एक राजनीतिक कार्यक्रम से आगे बढ़कर सामाजिक संवाद का मंच बन गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैश्य समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवजी खेमका ने की। मंच पर ओमप्रकाश वर्मा, कन्हैया पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन, पूर्व जिलाध्यक्ष केदार तिवारी, वरिष्ठ नेता रामस्वरूप अग्रवाल और महिला अध्यक्ष कंचन देवी सहित कई प्रमुख चेहरे मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत शाल और माला से किया गया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई।



सभा को संबोधित करते हुए विधायक आनंद मिश्रा ने वैश्य समाज की भूमिका को शहर के विकास में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि समाज निडर होकर अपनी समस्याएं सामने रखे। प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा, व्यापारिक हितों और बक्सर शहर की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। खासमहल की जमीन से जुड़ा मामला हो या शहर में बढ़ती जाम की समस्या, इन पर शीघ्र ठोस कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया।

विधायक के संबोधन के दौरान समाज के लोगों ने भी खुलकर अपनी बात रखी। कार्यक्रम का समापन प्रीति भोज के साथ हुआ, जिसमें सभी ने सहभागिता की। यह समारोह न केवल सम्मान का अवसर रहा, बल्कि वैश्य समाज और जनप्रतिनिधि के बीच संवाद और विश्वास को मजबूत करने का मंच भी साबित हुआ।

## एक नजर

### पुराना भोजपुर में शीतलहर के बीच जनसेवा की मिसाल, वार्ड 2 में जरूरतमंदों को मिली ठंड से राहत



**डुमरांव।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच डुमरांव नगर परिषद के विस्तारित क्षेत्र पुराना भोजपुर के वार्ड संख्या 2 में मानवीय संवेदना की एक सराहनीय पहल देखने को मिली। ठंड से जूझ रहे जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पार्षद प्रतिनिधि संतोष कुमार की अगुवाई में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल के तहत वार्ड के गरीब, असहाय और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि कंबल वितरण से पूर्व वार्ड स्तर पर सर्वे कर वास्तविक जरूरतमंदों की पहचान की गई। इसके बाद चयनित लाभार्थियों को बुलाकर उन्हें सम्मानपूर्वक कंबल सौंपे गए। इस व्यवस्था से यह सुनिश्चित किया गया कि सहायता सही व्यक्ति तक पहुंचे। कंबल पाकर बुजुर्गों, महिलाओं और कमजोर परिवारों के चेहरों पर राहत और संतोष साफ झलक रहा था।स्थानीय लोगों ने इस पहल की खुले दिल से सराहना की। लाभार्थियों ने कहा कि ठंड के इस मौसम में कंबल जैसी मदद उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। कई लोगों ने बताया कि रात के समय ठंड से बचने में यह सहायता बेहद उपयोगी साबित होगी। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि संतोष कुमार ने कहा कि जनप्रतिनिधि का मूल कर्तव्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक मदद पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि वार्ड में कोई भी व्यक्ति ठंड से पीड़ित न रहे, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और आगे भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे। कार्यक्रम में वार्ड के गणमान्य नागरिकों और स्थानीय कार्यकताओं की उपस्थिति ने आयोजन को और मजबूती दी। सभी ने मिलकर सामाजिक सहयोग और सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

### घर के बाहर टहल रही महिला को जानबूझकर बाइक से रौंदा, विरोध पर परिजनों ने दी खुलेआम धमकी

**कृष्णाब्रह्म।** स्थानीय थाना क्षेत्र के छतनवार गांव में सोमवार की शाम कानून व्यवस्था को चुनौती देती एक गंभीर घटना सामने आई है। घर के बाहर टहल रही एक महिला को गांव के ही युवक ने कथित तौर पर जानबूझकर बाइक से टक्कर मार दी, जिससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना के बाद जब पीड़िता न्याय की गुहार लेकर आरोपी के दरवाजे पर पहुंची, तो वहां मौजूद उसके परिजनों ने उल्टे खुलेआम धमकी देकर केस से न डरने की बात कही, जिससे गांव में भय और आक्रोश का माहौल बन गया। पीड़िता के बयान के अनुसार, रविवार की शाम वह अपने घर के सामने टहल रही थी। तभी गांव का युवक अभिषेक कुमार तेज रफ्तार बाइक लेकर आया और सीधे उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला जमीन पर गिरकर घायल हो गई। घटना के बाद जब वह आरोपी के घर पहुंची, तो वहां मौजूद उसके बाबा और चाचा ने न सिर्फ बदसलूकी की बल्कि यह कहते हुए धमकाया कि ह्लजो करना है कर लो, हम लोग किसी केस से डरते नहीं हैं। घायल महिला को तत्काल डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज कराया गया। इसके बाद पीड़िता के बयान पर स्थानीय थाना में अभिषेक कुमार सहित तीन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया है। घटना ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि गांवों में कानून का डर आखिर क्यों खत्म होता जा रहा है।

### पैरवी करने थाने पहुंचा युवक खुद फंसा शराब के नशे में गिरफ्तार

**कृष्णाब्रह्म।** स्थानीय थाना परिसर में सोमवार की शाम उस समय अजीबो-गरीब स्थिति उत्पन्न हो गई, जब दूसरे व्यक्ति की पैरवी करने पहुंचे एक युवक को पुलिस ने शराब के नशे में गिरफ्तार कर लिया। मामला इतना रोचक रहा कि जो युवक किसी और को कानूनी राहत दिलाने की नीयत से थाने आया था, वही खुद कानून के शिकंजे में फंस गया। जानकारी के अनुसार, सोमवार की शाम एक युवक थाना परिसर में मौजूद था और किसी मामले में दूसरे व्यक्ति की ओर से पुलिस से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान पुलिस को उसके व्यवहार पर संदेह हुआ। बातचीत के दौरान युवक की बोली और हाव-भाव से शराब सेवन की आशंका गहराई। संदेह के आधार पर पुलिस ने तुरंत ब्रेथ एनालाइजर से जांच कराई, जिसमें युवक के शराब पीने की पुष्टि हो गई। जांच के बाद पुलिस ने मौके पर ही युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान सरौरा गांव निवासी प्रदीप कुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब युवक शराब के नशे में कानून का उल्लंघन करते हुए पकड़ा गया हो। इससे पहले भी वह शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार होकर न्यायालय भेजा जा चुका है। मंगलवार को पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए गिरफ्तार युवक को न्यायालय में प्रस्तुत किया। इस पूरे मामले ने थाना परिसर में मौजूद लोगों के बीच चर्चा का विषय बना दिया, क्योंकि आमतौर पर लोग दूसरों की पैरवी करने थाने पहुंचते हैं, लेकिन यहां मामला पूरी तरह उलट गया। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संदीप कुमार राम ने बताया कि गिरफ्तार युवक शराब सेवन के आरोप में दूसरी बार पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून के तहत किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# रुक्मिणी विवाह और कृष्णझ्रसुदामा मित्रता से भावविभोर हुए श्रद्धालु


**चरण पादुका पूजन व भव्य भंडारे के साथ आज होगा स्मृति महोत्सव का समापन**

**केटी न्यूज/बक्सर**

ब्रह्मलीन पूज्य संत अनन्त श्री विभूषित श्रीरामचरित्रदास जी महाराज की स्मृति में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन मंगलवार को भावपूर्ण वातावरण में हुआ। इस अवसर पर श्रीमद्भागवत महापुराण एवं श्रीरामचरितमानस के पारायण पाठ की पूर्णाहुति संपन्न हुई। कार्यक्रम के समापन के साथ ही श्रद्धालु भक्ति और ज्ञान की गंगा में सराबोर दिखे। आज 31 दिसंबर को चरण पादुका पूजन एवं विशाल भंडारे के साथ स्मृति महोत्सव का विधिवत समापन होगा।

**रुक्मिणी विवाह और उद्धवझ्रगोपी संवाद का भावपूर्ण वर्णन**

अंतिम दिन की कथा में कथावाचक उमेश भाई ओझा ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने माता रुक्मिणी और भगवान कृष्ण के विवाह प्रसंग को विस्तार से प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह विवाह केवल लौकिक नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। इसके साथ ही उद्धवझ्र गोपी संवाद के माध्यम से ज्ञान और भक्ति के अंतर को सरल शब्दों में समझाया गया। कथावाचक ने कहा कि उद्धव जैसे महान ज्ञानी भी गोपियों के निस्वार्थ प्रेम और अनन्य भक्ति के सामने नतमस्तक हो गए। उन्होंने बताया कि प्रथम कोटि के भक्त वही हैं, जो अपने आराध्य के सुख को ही अपना सर्वस्व मानते हैं, जैसे गोपियां और भरत जी।



**कृष्णद्व सुदामा मित्रता : करुणा और प्रेम की मिसाल**

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अटूट मित्रता का प्रसंग सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। नरोत्तमदास जी की पंक्तियों ह्लदेखि सुदामा की दीन दसा, करुणा करि कै करुणानिधि रोयेह्व के माध्यम से बताया गया कि संसार के किसी भी ग्रंथ में ऐसी निस्वार्थ और निर्मल मित्रता का दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। कथावाचक ने कहा कि सुदामा के पास देने के लिए कुछ भी नहीं था, लेकिन उनके पास अटूट श्रद्धा और निष्काम भाव था। यही कारण है कि भगवान श्रीकृष्ण ने उन पर अपनी असीम कृपा बरसाई और उनके जीवन को आनंद और समृद्धि से भर दिया।

**सनातन धर्म और ऋषि विज्ञान ही विश्व शांति का आधार**

समापन सत्र में वक्ताओं ने सनातन धर्म की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यही धर्म विश्व में शांति और मानव कल्याण का एकमात्र मार्ग है। उन्होंने कहा कि आज के युग में मानवता को विनाश से बचाने का कार्य केवल ऋषियों के विज्ञान और हमारी प्राचीन संस्कृति ही कर सकती है। हरिकथा को भव-बाधाओं से मुक्ति का साधन बताते हुए श्रद्धालुओं से धर्म, संस्कार और सेवा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।

**भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु**

संध्या भजन कार्यक्रम में रोहित प्रधान, बटेश्वर यादव, नंद बिहारी, सीताराम चतुवेर्दी और विंध्याचल शुक्ला समेत कई भजन गायकों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिस पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। कार्यक्रम में ट्रस्ट के मीडिया सहयोगी नीतीश सिंह, अशोक मिश्रा, जयशंकर तिवारी, प्रिंस, रविलाल, साध्वी विनीता सहित बड़ी संख्या में साधु-संत, ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन का वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास से परिपूर्ण बना रहा।

# अटल जयंती पर राजपुर में कार्यकर्ता सम्मान समारोह, संगठन सशक्तिकरण का आह्वान

**विधायक आनंद मिश्र बोले अटलजी का जीवन सुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा, कार्यकर्ता हैं पार्टी की रीढ़**

**केटी न्यूज/बक्सर**


भाजपा राजपुर विधानसभा क्षेत्र में देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म-जयंती के अवसर पर कार्यकर्ता सम्मान एवं अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में भाजपा के समर्पित कार्यकताओं को सम्मानित किया गया तथा अटलजी के विचारों और उनके योगदान को स्मरण किया गया।

कार्यक्रम में बक्सर के विधायक आनंद मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन, प्रदेश नेता राजीव रंजन सिंह, धनंजय त्रिगुण, विंध्याचल सिंह, निर्भय राय, सुखदेव राय, सुधा गुप्ता एवं आशानंद सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकताओं की भागीदारी रही, जिससे वातावरण उत्साह और जोश से भर गया। अपने संबोधन में विधायक आनंद मिश्र ने कहा कि भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और सशक्त लोकतंत्र का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अटलजी ने अपनी दूरदर्शी सोच, स्पष्ट विचारधारा और संवेदनशील नेतृत्व से देश को नई दिशा दी। उनका जीवन आज भी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

विधायक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता अटलजी के विचारों को आत्मसात करते हुए संगठन को और मजबूत करें, जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की योजनाएं पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि कार्यकताओं के सम्मान, उनके मान-सम्मान की रक्षा तथा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। समारोह के दौरान कार्यकताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया और अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित और संगठन हित में एकजुट होकर कार्य करने के संदेश के साथ हुआ।

# बिल बचत में स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी : ई.ई.ई




**केटी न्यूज/रोहतास**

विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, सासाराम के अंतर्गत सभी उपभोक्ताओं के घरों मे स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाये जा रहे हैं। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम के द्वारा बताया गया की स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद है और घर बैठे आसानी से उसे सुविधा ऐप या फिर गूगल पे के जरिये रिचार्ज कर सकते हैं। स्मार्ट प्रीपेड मीटर पूरी तरह से निःशुल्क इंस्टॉल किया जा रहा है। बताया गया की उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के जरिये बिजली बिल के लिए एकमुश्त जमा की जाने वाली राशि पर उन्हें ब्याज प्राप्त करने का भी अवसर प्राप्त हो रहा है और ब्याज दर बैंकों की ब्याज दर से कहीं ज्यादा है। जो 2000 रुपये से अधिक का रिचार्ज करने पर 6.75 प्रतिशत ब्याज दर प्राप्त होगा। इसी तरह तीन माह की खपत के बराबर एकमुश्त रिचार्ज करने पर 7 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा और छह माह की अवधि का एकमुश्त रिचार्ज करने पर 7.25 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा। इतना ही नहीं ऑनलाइन रिचार्ज कराने पर 1 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी। स्मार्ट प्रीपेड मीटर को रिचार्ज न कराने पर बिजली स्वतः कट जाएगी हालांकि, रात में बिजली नहीं काटी जाती है। बिजली कनेक्शन कार्य दिवस पर दिन में 10 बजे से 1 बजे के बीच काटा जाता है। पर्व त्योहार के दौरान भी बिजली नहीं काटी जाती है। बेहतर यही होगा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर की राशि खत्म होने से पहले ही उसे रिचार्ज कर लें। उपभोक्ताओं को साइबर अपराधियों से बचाव करने के विषय में उन्हें निरंतर सचेत जा रहा है की बिजली विभाग के नाम पर किए जाने वाले फोन पर यकीन करके अनजान नंबर से भेजे गए किसी लिंक पर कतई क्लिक न करें। ऐसा करते ही साइबर अपराधी उनके बैंक अकाउंट पर हाथ साफ कर सकते हैं। बिजली विभाग की तरफ से इस तरह का कॉल नहीं किया जाता है। यदि उन्हें इस तरह का कोई कॉल आता है तो तुरंत सतर्क हो जाएं किसी भी तरह की जानकारी के लिए सिर्फ आधिकारिक नंबर और वेबसाइट का ही इस्तेमाल करें। किसी तरह का संशय होने पर बिजली विभाग के नजदीक के ऑफिस में संपर्क कर सकते हैं। उपभोक्ता स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर किसी तरह की भ्रांति का शिकार न हों। स्मार्ट प्रीपेड मीटर पुराने मीटर जैसा ही है। इसको इंस्टाल करने से बिजली की अधिक खपत नहीं होती है। जितनी बिजली का इस्तेमाल करेंगे, मीटर उतनी की ही रीडिंग करेगा।

# नए साल पर फुलवरिया डैम में अवैध तरीके से संचालित नौका पर लगी ब्रेक

- एसडीएम ने अवैध संचालित नौका पर कार्रवाई का दिया आदेश



**केटी न्यूज/रोहतास**

**नवादा ।** रजौली अनुमंडल एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन ने पत्र जारी करते हुए फुलवरिया डैम में अवैध तरीके से नौका के परिचालन पर रोक लगाने का आदेश दिया है। अंचलाधिकारी गुफरान मजहरी ने बताया कि फुलवरिया डैम में जो लोग नौका चलाते हैं, वह नियमों का पालन नहीं करते हैं। शाम के समय हो या सुबह के समय पर्यटक वहां पर घूमने के लिए जाते हैं। इसी दौरान नौका से घूमने का लोगों का इच्छा होता है।लेकिन नौका पर पर्यटकों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं होती जैसे लाइफ जैकेट नौका की रखरखाव चालकों को बेहतर प्रशिक्षण इन सभी तरह की कोई भी चीज उन लोगों के पास नहीं है। जिससे घूमने आए पर्यटकों के साथ किसी भी समय अप्रिय घटना घट सकती है और ऐसा पूर्व में हो भी घटना घट चुका है। इसी को लेकर सीओ गुफरान मजहरी और थानाध्यक्ष रंजीत कुमार को जिम्मेदारी दी गई है कि अवैध तरीके से जो भी फुलवरिया डैम में नौका चला रहे हैं उन्हें तत्काल रोका जाए। वही जिसको लेकर 30 दिसंबर दिन मंगलवार को अंचलाधिकारी सहित थानाध्यक्ष फुलवरिया जलाशय का औचक निरीक्षण किया। और नाव चालकों से बात करते हुए कहा कि अवैध तरीके से नाव संचालन करने वाले पकड़े जाने पर नाव संचालको पर कार्रवाई की जाएगी वहीं उन्होंने कहा कि नववर्ष को लेकर प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किया गया है और वाहन प्रतिबंध के लिए ब्रैकेटिंग लगाया जाएगा। ताकि फुलवरिया जलाशय पर जाम की समस्या उत्पन्न ना हो।

### नववर्ष पर नौका बिहार के लिए फुलवरिया डैम पर सख्ती

फुलवरिया डैम खास करके नवादा जिले के विभिन्न क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए एक पर्यटक स्थल है। यहां पर नए साल का पिकनिक बड़े धूमधाम से लोग अपने परिवार के साथ आकर मानते हैं और नौका बिहार का आनंद लेते हैं। नव वर्ष और 15 अगस्त 26 जनवरी और सरस्वती पूजा के दिन फुलवरिया डैम पर हजारों की संख्या में भीड़ होती है और बिना लाइव जैकेट के लोग नौका बिहार का आनंद जान के जोखिम में डालकर लेते हैं। जो 29 अप्रैल 2012 फुलवरिया डैम में नौका बिहार करने आए पांच महिलाएं और दो लड़कियां नाव में ही फोटो शूटिंग करने लगे इसी दौरान नव अनियंत्रित हो गया और पलट गई, जिसमें पांच महिलाएं और दो लड़कियां की मौत हो गई। कुल मिलाकर साथ लोगों की मौत हुई थी। जबकि बचाव दल ने एक महिला दो पुरुष और नाविकों सुरक्षित बचा लिया था।

# बाइक के साथ 269 लीटर शराब जब्त गिरफ्तार नाबालिक को भेजा गया बालक



**केटी न्यूज/रोहतास**

रजौली थाना क्षेत्र में शराबबंदी को सफल बनाए जाने को लेकर पुलिस बलों ने दो अलग अलग गांवों से चोरी के दो बाइकों और उसपर लदे कुल 269 लीटर शराब को जब्त किया है। साथ ही एक विधि निरुद्ध बालक को भी पुलिस बलों के द्वारा निरुद्ध किया गया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में पुलिस बलों के सहयोग से शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।बीते सोमवार की देर शाम गुप्त सूचना मिली कि सतगिर गांव स्थित नदी के किनारे एक चोरी की बाइक पर शराब लदी हुई है,जिसे शराब तस्करों द्वारा पुआल से ढक दिया गया है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर थाने में पदस्थापित एसआई संगीता कुमारी व पीएसआई सचिन कुमार को सशस्त्र बलों के साथ स्थल पर भेजा गया।छापेमारी के दौरान पुलिस ने चोरी के होंडा शाइन बाइक बीआर 30 एबी. 860 पर 3-3 लीटर के पाउच में बंद कुल 159 लीटर शराब बरामद किया गया।वहीं दूसरी ओर सोमवार को ही देर रात्रि को पीटीसी उपेंद्र कुमार ने महियारा गांव से होंडा शाइन बीआर 01 डीडी. 2290 बाइक से शराब परिवहन में जुटे एक बाइक पर लदे 110 लीटर शराब को जब्त किया गया।जब्त शराब के साथ एक विधि निरुद्ध बालक,जो बाइक को सड़क पर पटककर भाग रहा था,उसे पुलिस बलों द्वारा निरुद्ध किया गया। निरुद्ध बालक द्वारा बताया गया कि जब्त बाइक चोरी की है,जिसका उपयोग शराब परिवहन के लिए किया जा रहा था। थानाध्यक्ष ने कहा कि उक्त दोनों मामलों को अलग अलग थाना कांडों में प्राथमिकी दर्ज की गई है।साथ ही बताया कि विधि निरुद्ध बालक को मंगलवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# महिला सशक्तिकरण को लेकर किशोरी पंचायत मेला का आयोजन



**केटी न्यूज/रोहतास**

परिवर्तन विकास के सहयोग से तिलौथू प्रखंड अंतर्गत सरैया पंचायत में मंगलवार किशोरी पंचायत मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस जागरूकता एवं सशक्तिकरण आधारित कार्यक्रम में किशोरी पंचायत क्लब की लगभग 400 किशोरियों ने सक्रिय भागीदारी की और खुलकर अपनी बात समाज व प्रशासन के समक्ष रखी। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों ने शिक्षा में समान अधिकार, अपने साथ हो रही हिंसा, छेड़खानी, घर में होने वाला भेदभाव तथा पंचायत स्तर पर बराबर की भागीदारी जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी। किशोरियों द्वारा प्रस्तुत लुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह, शिक्षा का महत्व और सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों पर प्रभावशाली संदेश दिया गया, जिसका उद्देश्य पंचायत के लोगों और अभिभावकों की सोच में सकारात्मक बदलाव लाना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकिता जैन, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार, महिला थाना की थाना प्रभारी, मुखिया संजय चौधरी, उप मुखिया अमित गुप्ता, समाजसेवी सत्यानंद कुमार एवं सरपंच द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही उपस्थित अतिथियों ने किशोरियों के आत्मविश्वास और जागरूकता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस सफल आयोजन में संस्था के कार्यकर्ता जगत भूषण, शारदा कुमारी एवं चंचल कुमारी का सराहनीय सहयोग रहा। वहीं किशोरी पंचायत क्लब की पल्लवी, सुषमा, सोनी और दिव्या ने मंच संचालन कर कार्यक्रम को प्रभावशाली और सजीव बनाया, जो सब मिलाकर,सरैया पंचायत में आयोजित यह किशोरी पंचायत मेला नारी सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता और किशोरियों की भागीदारी की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल साबित हुआ, जिसने समाज को नई सोच और नई दिशा देने का मजबूत संदेश दिया।

## एक नजर

### तियरा बाजार में ज्वेलर्स शॉप पर धावा, एक में लाखों की चोरी, दूसरे में चौकीदार की सतर्कता से टली वारदात

**राजपुर।** राजपुर थाना क्षेत्र के तियरा बाजार में सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों ने सुनियोजित तरीके से दो ज्वेलर्स दुकानों को निशाना बनाया। इस दौरान पूजा ज्वेलर्स से लाखों रुपये मूल्य के चांदी के गहनों की चोरी कर ली गई, जबकि पास की एस के ज्वेलर्स में चोरी का प्रयास चौकीदार की सतर्कता से विफल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रोजमर्रा की तरह सोमवार की शाम पूजा ज्वेलर्स और एस के ज्वेलर्स के दुकानदार दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात गहराते ही बाजार सुनसान हुआ तो चोर अत्याधुनिक औजारों के साथ पहले पूजा ज्वेलर्स पहुंचे। ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने काउंटर में रखे कीमती चांदी के गहनों पर हाथ साफ कर दिया।

इसके बाद चोरों ने पास स्थित एस के ज्वेलर्स का ताला तोड़ने की कोशिश की। इसी दौरान रात्रि गश्ती पर तैनात चौकीदार की आहट सुनते ही चोर घबरा गए और उसे खदेड़ने लगे। खुद को अकेला पाकर चौकीदार किसी तरह छिप गया और तुरंत राजपुर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना की खबर फैलते ही तियरा बाजार में ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। लोगों ने चौकीदार की बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि अगर उसकी सतर्कता नहीं होती तो बाजार में कई दुकानों में बड़ी चोरी हो सकती थी। पूजा ज्वेलर्स के संचालक कमलेश सेठ ने बताया कि दुकान से लाखों रुपये के सामान की चोरी हुई है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि वर्ष 2022 में भी उनकी दुकान में सेंधमारी कर लाखों की चोरी हो चुकी है। मौके पर पहुंचे भोला सेठ, महेंद्र सिंह और संदीप राय सहित कई व्यापारियों ने घटना की कड़ी निंदा की, साथ ही इस बार पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता की प्रशंसा भी की। बताया जा रहा है कि चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे चोरों की पहचान की उम्मीद जताई जा रही है। थानाध्यक्ष निवास कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस वैज्ञानिक तरीके से हर एंगल से गहन जांच कर रही है और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।


### चोरी की बढ़ती घटनाओं पर पुलिस का सख्त रुख, दुकानदारों को दिए सुरक्षा के स्पष्ट निर्देश

**राजपुर।** तियरा बाजार में हालिया चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। इसी कड़ी में थाना परिसर में डीएसपी गौरव पांडेय के नेतृत्व में बाजार के दुकानदारों के साथ एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाना और दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना रहा। डीएसपी गौरव पांडेय ने दुकानदारों को साफ शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि सभी दुकानों में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगाया जाए। उन्होंने कहा कि केवल कैमरा ही नहीं, बल्कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से साउंड अलार्म या सायरन जैसे यंत्र भी दुकान में लगाए जाने चाहिए, ताकि किसी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में आसपास के लोग तुरंत सतर्क हो सकें। बैठक में मौजूद दुकानदारों ने आशंका जताई कि हालिया चोरी की घटनाओं में एक से अधिक अपराधी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी तियरा बाजार में चोरी की वारदात हो चुकी है, जिससे व्यापारी वर्ग में डर का माहौल बना हुआ है। दुकानदारों ने यह भी कहा कि यदि आसपास के क्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाओं से मिलान किया जाए, तो चोरों तक पहुंचने में मदद मिल सकती है। थानाध्यक्ष निवास कुमार ने दुकानदारों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में पुलिस लगातार गश्त कर रही है। विभिन्न स्थानों पर चौकीदारों को अलर्ट कर दिया गया है और किसी भी तरह की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच रही है। बैठक में एसआई प्रमोद कुमार, मनीषा कुमारी सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। पुलिस और व्यापारियों के बीच इस समन्वय को चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### अवैध शराब बिक्री के भंडारण एवं सेवन पर पैनी नजर रखने का डीएम ने दिया आदेश

**सासाराम।** रोहतास डीएम उदिता सिंह ने नववर्ष 1 जनवरी के अवसर पर शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से समस्त अनुमंडल पदाधिकारी,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदया ने निर्देश दिया कि नववर्ष के दिन जिले के सभी प्रमुख पिकनिक स्थलों, पर्यटन स्थलों, जलप्रपातों, पार्कों एवं भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। विशेषकर दुर्गावती डैम, इंद्रपुरी डैम, मां तुतला भवानी धाम, मां ताराचण्डी धाम, मांझर कुंड, रोहतासगढ़ किला, महादेव खोह, शेरशाह सूरी मकबरा में विशेष निगरानी की बात कही गई। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों के पिकनिक स्थलों पर पहुंचने की संभावना रहती है, ऐसे में सतत निगरानी अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि पिकनिक स्थलों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाए। वाहनों की सघन जांच, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर, भीड़ नियंत्रण तथा यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या हुड़दंग की स्थिति में तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती व नियमित गश्ती के माध्यम से सतत निगरानी रखने पर विशेष बल दिया। बैठक में राज्य में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून को लेकर भी विशेष चर्चा की गई। जिलाधिकारी महोदया ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध शराब की बिक्री,भंडारण एवं सेवन पर कड़ी नजर रखी जाए। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाकर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। डीएम ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर स्थिति पर लगातार नजर रखें और समय-समय पर स्थिति की जानकारी वरीय अधिकारियों को उपलब्ध कराएं।

# रोहतास पुलिस ने फर्जी शादी कराने वाले ठग गिरोह को दबोचा, दो महिला गिरफ्तार



**केटी न्यूज/रोहतास**

जिले में शादी के नाम पर फजीर्वाड़ा कर भोले-भाले लोगों से लाखों रुपये ठगने वाले एक संगठित गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश किया है। नौहट्टा थाना कांड संख्या-277/25 जो दिनांक 28 दिसंबर 2025 धारा-303(2)/316 (2)/318(4)/3 (5) बीएनएस के तहत दर्ज मामले में पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 28 दिसंबर 2025 को सूचना मिली थी कि दो महिलाएं शादी कराने के नाम पर राज्य से बाहर के एक पुरुष का फर्जी तरीके से विवाह कराकर उससे करीब तीन लाख रुपये की ठगी कर फरार हो गई हैं। जांच में सामने आया कि इसी तरह की घटनाएं पहले भी सासाराम नगर थाना और नोखा थाना क्षेत्र में दर्ज हो चुकी हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। जिसमें नोखा, नौहट्टा और धर्मपुरा थाना के थानाध्यक्षों को शामिल किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम सिसरित थाना धर्मपुरा,रोहतास से सरोज देवी पति किसान चौधरी को उनके घर से विधिवत अभिरक्षा में लिया।

पूछताछ के दौरान सरोज देवी ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि वह एक गिरोह का हिस्सा है, जिसमें अंजली कुमारी सहित अन्य लोग भी शामिल हैं। यह गिरोह उन पुरुषों को निशाना बनाता था जिनकी उम्र अधिक हो गई है और जिनकी शादी नहीं हो पा रही है। ऐसे पुरुषों को शादी का झांसा देकर गिरोह की एक युवती से फर्जी तरीके से विवाह करवा दिया जाता था। शादी के नाम पर मोटी रकम लेने के बाद किसी बहाने से फरार हो जाना इनका तरीका था। सरोज देवी की निशानदेही पर पुलिस ने इस गिरोह की एक अन्य सदस्य अंजली कुमारी को करवंदिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार महिलाएं की जारी सूची : सरोज देवी, पति किसान चौधरी, ग्राम-सिसरित, थाना-धर्मपुरा, जिला-रोहतास। अंजली कुमारी, पिता-स्व. सुभाष बैठा, ग्राम-करवंदिया, थाना-करवंदिया, जिला-रोहतास। पुलिस द्वारा बरामद सामान :10,800 हजार रुपए नगद, 02 एंड्रॉयड मोबाइल फोन जो सासाराम नगर थाना कांड संख्या-448/25 दिनांक 10.06.2025 सासाराम नगर थाना कांड संख्या 609/25 नोखा थाना कांड संख्या 470/25 नौहट्टा थाना कांड संख्या-277/25 (दिनांक 28.12.2025 पुलिस ने आमजन से अपील की है कि शादी या किसी भी प्रकार के लेन-देन से पहले पूरी जांच-पड़ताल करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। इस कार्रवाई से शादी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोहों को कड़ा संदेश गया है कि अपराध करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# पशु बांझपन निवारण शिविर में 106 पशुओं को मिला उपचार लाभ



**केटी न्यूज/रोहतास**

रजौली मुख्यालय स्थित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय रजौली के तत्वावधान में मंगलवार को एक दिवसीय पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन रजौली पश्चिमी पंचायत अंतर्गत सिमरकोल गांव में किया गया। शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के पशुपालकों को पशुओं में बांझपन की समस्या से राहत दिलाना तथा उन्हें वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम पशुपालकों की आय बढ़ाने और पशुधन स्वास्थ्य सुधारने में अत्यंत उपयोगी हैं। शिविर के दौरान पशुपालकों को पशु बांझपन के कारण, उसकी रोकथाम एवं उपचार से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई तथा पशुओं की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं निदान किया गया। मोबाइल वेटरनरी यूनिट (एमवीयू) की टीम भी डॉ. बिपिन बिहारी प्रसाद के नेतृत्व में शिविर में शामिल हुई, जिसमें सहायक विद्यासागर एवं पारावेट पप्पू कुमार ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। शिविर से कुल 53 पशुपालकों के 106 पशुओं को प्रत्यक्ष लाभ मिला। पशुपालकों ने विभाग द्वारा आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे और शिविर आयोजित करने की मांग की। अवसर पर पशु चिकित्सक डॉ. रेषु कुमार, डॉ. नीरज कुमार सिंह एवं

केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण
# बिहार
बक्सर, 31 दिसंबर 2025
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com


## दीघा से कोईलवर तक होगा जेपी गंगा पथ का विस्तार, 6495 करोड़ की लागत से बदल जाएगी सूरत



**एजेंसी। पटना**

पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड और बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड की ओर से बनाई जा रही सड़क एवं पुल परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस बैठक में सभी प्रमुख परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, भूमि अधिग्रहण समेत अन्य सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सभी प्रोजेक्ट का गुणवत्तापूर्वक कार्य करते हुए इन्हें समय पर पूरा करने को लेकर सख्त निर्देश दिए। सचिव ने बताया कि जेपी गंगा पथ का विस्तार दीघा से कोईलवर तक किया जा रहा है। 35.65 किलोमीटर लंबे इस फोरलेन प्रोजेक्ट पर करीब 6 हजार 495 करोड़ रुपये की लागत से आएगी। यह सड़क दीघा-शेरपुर-बिहटा होते हुए कोइलवर पर बने नए पुल के पहुंच पथ तक बनेगी। उन्होंने गंगा नदी पर निमार्णाधीन बख्तियारपुर (करजान) से ताजपुर (समस्तीपुर) पुल की प्रगति की भी समीक्षा की, अधिकारियों को निर्देश दिया कि बख्तियारपुर-ताजपुर पुल निर्माण कार्य में तेजी लाकर इसे जल्द पूरा करें। इस पुल के निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। इसी क्रम में सचिव ने 6 लेन गंगा ब्रिज निर्माण की कार्य प्रगति की भी अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि करीब 19.76 किलोमीटर लंबे इस ब्रिज पर 4998.4 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बैठक में पटना साहिब स्टेशन से पटना घाट तक करीब 1.55 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण प्रगति की भी जानकारी ली। सड़क निर्माण की लागत 52.54 करोड़ रुपए निर्धारित है। पथ निर्माण विभाग के सचिव ने बताया कि मीठापुर-सिपारा एवं महुली-पुनपुन 4.3 किलोमीटर परियोजना का कार्य प्रगति पर है। राज्य पथ एसएच-106 पुराना (एनएच-30) के दीदारगंज-फतुहा-बख्तियारपुर-करजान पथ को चार लेन में चौड़ीकरण किए जाने से पटना-बख्तियारपुर क्षेत्र को नई रफ्तार मिलेगी। इस परियोजना की कुल लंबाई 41.270 किलोमीटर है। सचिव ने कहा कि यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इसे जल्द से जल्द शुरू कराएं। इसके साथ ही पंकज कुमार पाल ने पटना पटेल गोलम्बर से इको पार्क के पश्चिमी छोर व इको पार्क के पूर्वी छोर से अटल पथ तक सर्पेन्टाईन नाले पर भूमिगत नाला के साथ 4-लेन सड़क निर्माण कार्य, नेहरू पथ को दोनों तरफ से पाटली पथ से कनेक्टिविटी प्रदान करने की दिशा में निमार्णाधीन कार्यों की समीक्षा की। इस बैठक में राज्य के प्रमुख आरओबी परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की भी समीक्षा हुई। इसी क्रम में आरसीडी के सचिव ने बीआरपीएनएनएल की बख्तियारपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप 2 लेन रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण के साथ दूसरे परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने परियोजनाओं की राह में उत्पन्न होने वाली समस्याओं को जल्द से जल्द दूर कर कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय के भीतर पूरा कराने के निर्देश दिए।

### डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने भ्रष्टाचारियों को दे दिया मैसेज, कहा

# विभाग को स्वस्थ्य कर देंगे तो सब स्वस्थ्य हो जाएंगे..सबको ठीक होना होगा

**एजेंसी। पटना**

बिहार के उपमुख्यमंत्री और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा इन दिनों लगातार एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। विभाग की जिम्मेदारी संभालने के बाद से ही उन्होंने साफ संकेत दे दिया है कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हाल के दिनों में उनके बयानों और कार्रवाइयों से यह स्पष्ट हो गया है कि राजस्व विभाग को लेकर सरकार गंभीर है और व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। विजय कुमार सिन्हा ने हाल ही में भ्रष्टाचार को लेकर बड़ा संदेश देते हुए कहा कि ह्लअगर हम विभाग को स्वस्थ कर देंगे, तो सब कुछ खुद-ब-खुद स्वस्थ हो जाएगा।ह्व उनका यह बयान सिर्फ एक राजनीतिक टिप्पणी नहीं, बल्कि विभागीय सुधार



की मंशा को दशार्ता है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग आम जनता से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है, जहां जमीन, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, म्यूटेशन और रसीद कटवाने जैसे कार्य होते हैं। ऐसे में अगर यहां भ्रष्टाचार होगा तो आम लोगों का सबसे ज्यादा नुकसान होगा। दरअसल, राजस्व विभाग को लेकर लंबे समय से भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आती रही हैं। जमीन से जुड़े मामलों में राजस्व कर्मचारियों से लेकर अंचल कार्यालय और ऊपर के अधिकारियों तक पर रिश्वत लेने के आरोप लगते रहे हैं। खुद उपमुख्यमंत्री जब भी जिलों में जन संवाद कार्यक्रम करते हैं, तो लोगों की ओर से सबसे ज्यादा शिकायतें इसी विभाग को लेकर आती हैं। आम नागरिक बताते हैं कि बिना पैसे दिए दाखिल-खारिज नहीं होता, रसीद कटाने में महीनों लग जाते हैं और फाइलें जानबूझकर रोकी जाती हैं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विजय कुमार सिन्हा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जो लोग ईमानदारी से काम कर रहे हैं, सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी है, लेकिन जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई तय है। उन्होंने यह भी कहा कि अब शिकायतों को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा और दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी होगी।उपमुख्यमंत्री ने यह भी संकेत दिया कि विभाग में तकनीकी सुधार और सिस्टम को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। अधिक से अधिक सेवाओं को ऑनलाइन किया जा रहा है, ताकि आम लोगों को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें और भ्रष्टाचार की गुंजाइश कम हो। उन्होंने कहा कि डिजिटल व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी और जवाबदेही तय होगी। साथ ही, निगरानी तंत्र को भी मजबूत किया जाएगा, ताकि निचले स्तर तक कार्यप्रणाली पर नजर रखी जा सके। विजय कुमार सिन्हा का मानना है कि भ्रष्टाचार केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम को खोखला कर देता है। अगर विभाग में ईमानदारी और पारदर्शिता होगी, तो जनता का भरोसा भी सरकार पर मजबूत होगा। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे जनता की सेवा को प्राथमिकता दें और शिकायतों का समय पर निपटारा करें। कुल मिलाकर, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा का यह रुख यह संदेश देता है कि बिहार सरकार अब राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। आने वाले दिनों में अगर उनके निर्देशों पर सख्ती से अमल होता है, तो निश्चित तौर पर जमीन से जुड़े मामलों में आम लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है और विभाग की छवि में भी सुधार होगा।

## एक नजर

### अब कैमूर की जंगलों में गूजेंगी दहाड़!.. टाईगर रिजर्व बनाने की मंत्री ने दी मंजूरी

**पटना।** बिहार के वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत कैमूर वन्यप्राणी आश्रयणी को ह्लकैमूर टाईगर रिजर्वह्व घोषित कराने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इस दिशा में तैयार किए गए संशोधित प्रस्ताव को राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए), भारत सरकार, नई दिल्ली को भेजे जाने से पूर्व मंत्री डॉ प्रमोद कुमार से सहमति/अनुमोदन प्राप्त हो गया है। राज्य सरकार की ओर से संशोधित प्रस्ताव पर औपचारिक रूप से सहमति प्रदान किए जाने के बाद अब केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। गौरतलब है कि कैमूर वन्यप्राणी आश्रयणी बिहार का सबसे बड़ा वन क्षेत्र है, जो कैमूर पर्वत श्रृंखला में फैला हुआ है। यह क्षेत्र जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है और यहां बाघों के लिए अनुकूल प्राकृतिक आवास उपलब्ध है। वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा कैमूर वन्यप्राणी आश्रयणी को टाईगर रिजर्व का दर्जा दिलाने के लिए पूर्व में भी प्रस्ताव तैयार किया गया था। राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप इसमें कुछ आवश्यक संशोधन किए गए, जिसके बाद संशोधित प्रस्ताव को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री प्रमोद कुमार के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया। मंत्री ने प्रस्ताव की उपयोगिता, पर्यावरणीय महत्व और वन्यजीव संरक्षण के लाभों को ध्यान में रखते हुए इसे स्वीकृति प्रदान कर दी है। कैमूर टाईगर रिजर्व घोषित होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, इको-टूरिज्म को प्रोत्साहन मिलेगा और क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। वन विभाग के मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने कहा कि ह्यकैमूर वन्य प्राणी आश्रयणी जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। यह अहम है कि यहां बाघों के लिए अनुकूल प्राकृतिक आवास उपलब्ध है। इसके अलावा बीते वर्षों में यहां बाघों की आवाजही के प्रमाण भी मिले हैं। इसलिए कैमूर टाइगर रिजर्व घोषित होने से न केवल बाघों के संरक्षण को मजबूती मिलेगी बल्कि इससे पूरे क्षेत्र की पारिस्थितिकी तंत्र को भी संरक्षण मिलेगा।ह्य अब संशोधित प्रस्ताव को राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, नई दिल्ली भेजा जाएगा। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद कैमूर वन्यप्राणी आश्रयणी को औपचारिक रूप से टाईगर रिजर्व घोषित करने की प्रक्रिया पूरी होगी।

### गोपालगंज में चोरी कांड का खुलासा, हथियार और लाखों के गहनो के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार

**गोपालगंज।** गोपालगंज से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां पुलिस ने चोरी की बड़ी घटना का सफल उद्भेदन किया है। सिधवलिया थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में हुई चोरी की घटना में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। इस मामले में दो शातिर चोरों को हथियारों और लाखों रुपये के चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया है। सदर-2 एसडीपीओ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी। बताया कि सिधवलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सलेमपुर गांव में हुई चोरी की घटना का सफल उद्भेदन किया गया है। इस मामले में पुलिस ने दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से हथियारों के साथ-साथ लाखों रुपये के चोरी के गहने और अन्य कीमती सामान बरामद किए गए हैं। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बरहीमा निवासी पंकज कुमार और नन्हे आलम के रूप में हुई है। 24 दिसंबर को सलेमपुर गांव में एक घर उस समय बंद था, जब घर के सदस्य इलाज के सिलसिले में बाहर गए हुए थे। इसी का फायदा उठाकर आरोपियों ने बंद घर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया और लाखों रुपये के गहने व कीमती सामान लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गोपालगंज पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम का गठन किया और तकनीकी व मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी शुरू की। लगातार छापेमारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा, जिंदा कारतूस, चाकू और चोरी के लाखों रुपये के गहने व अन्य सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चोरी की वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। फिलहाल दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## रोहतासगढ़ रोपवे हादसे में मंत्री ने लिया एक्शन, दो इंजीनियर को किया सस्पेंड



**एजेंसी। पटना**

रोहतास में हाल ही में हुए रोपवे गिरने के मामले में पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि रोपवे हादसे के तुरंत बाद सरकार ने जांच शुरू कराई थी और अब जांच रिपोर्ट आ चुकी है। जांच में संवेदक और पथ निर्माण विभाग के इंजीनियरों को दोषी पाया गया है। इसके बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है।मंत्री दिलीप जायसवाल ने बताया कि परियोजना इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर को सस्पेंड किया जा रहा है, वहीं निर्माण कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि रोहतासगढ़ पर्वत पर स्थित रज्जू मार्ग में दो स्टेशन टावर और अतिरिक्त पांच टावर का प्रावधान है। इस रोपवे की कुल लंबाई 1326 मीटर है और इसमें 18 केबिन हैं, जिनमें प्रत्येक में चार लोग बैठ सकते हैं। जायसवाल ने बताया कि रोपवे जनवरी में संचालन शुरू करने वाला था, लेकिन ट्रायल के दौरान लोड टेस्ट के समय एक टावर गिर गया। उन्होंने कहा कि हादसा उस समय हुआ जब टावर नंबर पांच रिटर्न शिप में लौट रहा था और वायर रोपवे स्लिप कर गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि तत्काल संवेदक का कोई प्रतिनिधि टर्मिनल पॉइंट पर मौजूद नहीं था, जबकि हर जगह उनके कर्मचारियों का होना आवश्यक था।इसके साथ ही उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों की जांच क्क्रळ पटना के विशेषज्ञ इंजीनियरों को सौंप दी गई है। क्क्रळ पटना यह जांच करेंगे कि क्या लोड डिस्ट्रीब्यूशन में कमी रह गई थी। उन्होंने कहा कि दोषी संवेदक को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और दो इंजीनियरों पर भी कार्रवाई होगी। मंत्री ने यह भी कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होगी और क्क्रळ के विशेषज्ञों की रिपोर्ट के आधार पर सभी कमियों का पता लगाया जाएगा।

## सहरसा सदर अस्पताल चोरी कांड का खुलासा : पुलिस छापेमारी में 6 चोर गिरफ्तार, एसी का आउटडोर

**एजेंसी। पटना**

सहरसा सदर अस्पताल में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी अधीक्षक द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर सदर पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल में विगत कई दिनों से लगातार चोरी की घटनाएं हो रही थीं, इसे लेकर प्रभारी अधीक्षक डॉ. शिवशंकर मेहता द्वारा सदर थाना में मामला दर्ज कराया गया था। सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने बताया कि सदर थाना पुलिस द्वारा छापेमारी कर नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर एक कबाड़ वाले के यहां से दो एसी के आउटडोर यूनिट बरामद किए गए हैं। चोरी के सामान को खरीदने के आरोप में कबाड़ वाले को भी गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया है, जिसने पूर्व में सदर अस्पताल में हुई चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार चोरों की पहचान पोस्टमार्टम रोड निवासी किशन कुमार, प्रिंस कुमार, राजन कुमार, करण कुमार, कन्हैया कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान चोरी की अन्य घटनाओं से जुड़े अहम सुराग मिलने की संभावना जताई जा रही है। सदर पुलिस चोरी हुए अन्य सामान की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है और जल्द ही पूरे गिरोह का पदार्फाश किये जाने का दावा किया है। इस कार्रवाई के बाद अस्पताल प्रशासन ने राहत की सांस ली है। वहीं, लोगों और मरीजों ने भी पुलिस की कार्रवाई की सराहना की है। सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने कहा कि सरकारी संपत्ति की चोरी करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा व उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सहरसा में निगरानी विभाग का शिकंजा, सेल टैक्स कार्यालय का चपरासी 75 हजार घूस लेते गिरफ्तार



**एजेंसी। पटना**

बिहार के सहरसा जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। सेल टैक्स कार्यालय में कार्यरत चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी को 75 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र स्थित एक ढाबे पर की गई, जहां आरोपी रिश्वत की रकम लेने पहुंचा था। गिरफ्तार कर्मी की पहचान शंकर कुमार के रूप में हुई है।मामला सिमरी बख्तियारपुर निवासी टायर व्यवसायी सिराजुल हुदा से जुड़ा है। पीड़ित का आरोप है कि उनके बैंक खाते के सेटलमेंट के बदले 75 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की गई थी। बताया जा रहा है कि सहरसा सेल टैक्स कार्यालय के संयुक्त आयुक्त प्रवीण कुमार के निर्देश पर चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी शंकर कुमार द्वारा यह राशि ली जा रही थी। सेटलमेंट कराने का आश्वासन देकर पूरी रकम तय की गई थी।इससे परेशान होकर टायर व्यवसायी सिराजुल हुदा ने निगरानी विभाग में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की जांच और सत्यापन के बाद निगरानी टीम ने जाल बिछाया और आरोपी को घूस लेते हुए मौके पर ही धर दबोचा। इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए निगरानी विभाग के उपाधीक्षक पवन कुमार ने बताया कि आरोपी शंकर कुमार को 75 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में संयुक्त आयुक्त प्रवीण कुमार की भूमिका की भी जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए भागलपुर निगरानी कोर्ट में पेश किया गया है।

## घने कोहरे से आंशिक राहत, लेकिन ठंडी हवाओं और कनकनी से बढ़ी परेशानी

**एजेंसी। पटना**

लगातार कई दिनों से घने कोहरे, शीत दिवस और कड़ाके की ठंड से जूझ रहे बिहारवासियों के लिए अब मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिल सकता है। हालांकि यह राहत पूरी तरह से नहीं होगी, बल्कि सीमित स्तर पर ही असर दिखने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में कोहरे की तीव्रता में कुछ कमी आ सकती है, लेकिन ठंडी हवाओं और कम तापमान के कारण ठिठुरन बरकरार रहेगी। सोमवार की देर रात पटना समेत आसपास के शहरी इलाकों में कोहरे का असर अपेक्षाकृत कम रहा। सड़कों पर विजिबिलिटी पहले



के मुकाबले बेहतर रही, जिससे देर रात और सुबह के समय यातायात में कुछ राहत देखने को मिली। वहीं सोमवार की सुबह ग्रामीण क्षेत्रों में हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहा। खेतों और खुले इलाकों में कोहरे की वजह से दृश्यता प्रभावित रही, हालांकि पहले जैसे घने कोहरे की स्थिति नहीं बनी। इसके बावजूद ठंडी हवाओं और कनकनी ने लोगों की परेशानी कम नहीं होने दी। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर-पश्चिम दिशा से चल रही सर्द पछुआ हवाओं की रफ्तार में आंशिक कमी आई है, जिसके कारण शहरी इलाकों में कोहरे का असर कुछ हद तक घटा है। लेकिन रात के तापमान में अभी भी खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। राज्य के कई जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है, जिससे सुबह और रात के समय कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। पटना, गया, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और पूर्णिया समेत कई जिलों में सुबह-शाम ठंड का प्रकोप जारी है। खासकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों के लिए यह मौसम अभी भी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। ठंडी हवा के कारण लोग अलाव और हीटर का सहारा लेने को मजबूर हैं। ग्रामीण इलाकों में सुबह-सुबह खेतों में काम करने वाले किसानों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस मौसम में सर्दी, खांसी, बुखार और सांस संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में लोगों को गर्म कपड़े पहनने, ठंडी हवा से बचने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी जा रही है। खासकर सुबह और देर रात घर से बाहर निकलते समय अतिरिक्त सतर्कता जरूरी है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 24 से 48 घंटों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में कोहरे की स्थिति में और कमी आ सकती है। हालांकि ग्रामीण और निचले इलाकों में सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा बना रह सकता है। दिन के तापमान में भी बहुत अधिक बढ़ोतरी की संभावना नहीं है, जिससे शीत दिवस जैसी स्थिति पूरी तरह समाप्त होने में अभी समय लग सकता है। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि जैसे-जैसे पछुआ हवा की तीव्रता कम होगी और आसमान साफ रहेगा, वैसे-वैसे धूप निकलने की अवधि बढ़ सकती है। इससे दिन के समय लोगों को कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन रात और सुबह की ठंड फिलहाल बनी रहने की उम्मीद है।

## बिहार में वाहन जांच के दौरान पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**एजेंसी। पटना**

पश्चिम चंपारण के बेतिया में साठी थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसमें कुछ लोग पुलिस से बहस और धक्का-मुक्की करते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। इस संबंध में साठी थाना में पदस्थापित अवर निरीक्षक अमरजीत कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। एफआईआर में चार नामजद आरोपियों के साथ-साथ कुछ अज्ञात लोगों को भी अभियुक्त बनाया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सतवरिया गांव निवासी राज किशोर साह के पुत्र लड्डू साह एवं हरिओम साह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, साठी थाना की पुलिस टीम सतवरिया पेट्रोल पंप के समीप वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान लड्डू साह पुलिस वाहन को देखकर भागने लगा। भागते समय वह सड़क पर गिर पड़ा, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़कर पूछताछ शुरू की।